प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून
Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone&Fax:-0135-253154/2531072 E-Mail-eicpwduk@nic.in
Website-http://govt.ua.nic.in/pwd

पत्रांकः-२५५/76याता0 (क)–उ0 / 2018 दिनांकः२३फरवरी, 2018

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता,
राष्ट्रीय राजमार्ग,लो0नि0वि0,
देहरादून।

विषय :– माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित सडक सुरक्षा समिति द्वारा दिनांक 27.02.2017 को दिये गये निर्देशों के अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड का पत्रांक–770 / प्रवर्तन / स0सु0 / 1–8(34) / 2018 दिनांक 15.02.2018

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित सडक सुरक्षा समिति द्वारा दिनांक 27.02.2017 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्मित ब्लैक स्पॉट्स, Speed Calming Measures आदि का स्थल निरीक्षण किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

माननीय समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में लीड एजेन्सी (रोड सेफ्टी) उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 23.01.2018 को देहरादून जनपद के अन्तर्गत मसूरी क्षेत्र में (वुड स्टॉक लण्डौर स्कूल के पास, किमोई / कफलानी के पास एवं मसराना महारानी सुवा खोली से पहले) निर्मित Speed Calming Measures का स्थल निरीक्षण किया गया (कृपया परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड का संलग्न पत्रांक–770 / प्रवर्तन / स0सु0 / 1–8(34) / 2018 दिनांक 15.02.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो परिवहन आयुक्त द्वारा आपको प्रेषित किया गया है।) जिस पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुये अनुपालन आख्या अनिवार्य रूप से 28.02.2018 तक मा0 समिति को प्रेषित किया जाना है।

अतः उक्त सम्बन्धित अनुपालन आख्या दिनांक 27.02.2018 तक इस कार्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु दिशा–निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

(आर0सी0पुरोहित)
मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय)

प्रतिलिपिः–

1– प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सचिव, मुख्य सचिव महोदय को संज्ञानार्थ प्रेषित।
2– अपर मुख्य सचिव, लो0नि0वि0,उत्तराखण्ड शासन।
3– परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन।
4– प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,लो0नि0वि0,उत्तराखण्ड शासन।
5– नोडल अधिकारी (रोड सेफ्टी) / अधीक्षण अभियन्ता, नवम वृत्त लो0नि0वि0, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
6– आई0टी0 सैल, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड देहरादून को pwd.uk.gov.in की Road Safety Gallery में Upload करने हेतु ।

मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय)